कमी के कारण चौथी पंचवर्षीय योजना में इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार किये जाने की सम्भावना नहीं है।

अटारा स्टेशन को जंकशन बनाकर नई रेलवे लाइन बिछाना

2025. **श्री जागेश्वर यादव** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अटारा को जंकशन बनाकर बबेरू, कमसिन और राजापुर में से होकर गुजरने वाली नई रेलवे लाइन बिछाने के लिए सर्वेक्षण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में क्या निर्णय किया गया है;

(ग) क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में यह रेलवे लाइन बिछाने का है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख) . 1917 में बाबेरू और कमसिन के रास्ते बांदा से राजापुर तक (90.12 कि० मी०) छोटी लाइन के लिए यातायात की संभावनाओं का पता लगाया गया था और 1938 में करतल से कमसिन तक (93.34 कि० मी०) बड़ी लाइन के लिए एक यातायात सर्वेक्षण किया गया था। जांच-पड़ताल से यह पता चला कि ये लाइनें अलाभप्रद रहेंगी, इसलिए उनके निर्माण का विचार छोड़ दिया गया।

(ग) और (घ) . इस लाइन के अलाभप्रद होने और धन की कमी के कारण इस बात की संभावना नहीं है कि उल्लिखित स्थानों को जोड़ने वाली एक नयी रेलवे लाइन के निर्माण को चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल किये जाने के लिये पर्याप्त प्राथमिकता मिल पायेगी।

झांसी-मानिकपुर सैक्शन में एक्सप्रैस रेलगाड़ी

2026. **श्री जागेश्वर यादव** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे में झांसी मानिकपुर सैक्शन में, जब से यह लाइन बिछाई गई है, केवल दो यात्री गाड़िया ही चलती हैं, यद्यपि इस समय इस लाइन पर यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस लाइन पर एक एक्सप्रैस गाड़ी चलाने का है; और

(ग) क्या सरकार का विचार बांदा लखनऊ एक्सप्रैस गाड़ी को मानिकपुर तक ले जाने का है?

रेलवे मंत्री (श्री चे० म० पुनाचा): (क) . अक्तूबर, 1949 से पहले झांसी मानिकपुर खण्ड पर केवल एक जोड़ी सवारी गाड़ियां चला करती थीं। यातायात की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अक्तूबर, 1949 से एक जोड़ी अतिरिक्त सवारी गाड़ियां चलायी गयीं।

(ख) अपेक्षित सवारी डिब्बों, अतिरिक्त लाइन क्षमता और टर्मिनल सुविधाओं के अभाव में इस समय इस प्रस्ताव को क्रियान्वित करना व्यावहारिक नहीं है।

(घ) जी नहीं।

झंगाई रेलवे स्टेशन में औषधालय

2027. **श्री नागेश्वर द्विवेदी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर रेलवे में झंगाई रेलवे स्टेशन के औषधालय को हटाने का निर्णय किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस औषधालय के कब हटाये जाने की संभावना है;